

# 40 घंटे हुई बारिश ने टीकमगढ़ के तालाबों को भरा, कलेक्टर ने रखी स्थिति पर नजर

**अनंतपुरा तालाब की नहर पर से कलेक्टर ने हटवाया कब्जा**

**बारिश का पानी आम लोगों के घरों में भी घुसा**

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। पिछले 40 घंटे से जिले भर में हो रही लगातार बारिश के चलते गत 24 घंटे में 6.6 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। टीकमगढ़ तहसील में सर्वाधिक 8.5 इंच और पलेरा में 6.49 इंच बारिश हुई है। जिसके चलते जिला मुख्यालय से झांसी, छतरपुर, ललितपुर का सड़क संपर्क टूट चुका है। रविवार की दोपहर एक बजे के आसपास बारिश थमते ही लोगों ने राहत की सांस ली है। रविवार की सुबह से ही तेज बारिश के कहर को देखते हुए जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, नपा सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया सहित प्रशासनिक अमला कुण्डेश्वर, महेन्द्र सागर तालाब, वृन्दावन तालाब, सुनार नाला, महाराजपुरा तालाब, बंडा नहर, हनुमानसागर तालाब सहित बौरी के अलावा पपौरा चौराहे के आगे स्थित बड़ा पुल का जायजा लेते हुए दिखाई दिए। कलेक्टर ने इसके अलावा मुख्यालय पर स्थित जलभराव वाली कॉलोनियों का निरीक्षण कर जल निकासी का कार्य तुरंत नगर पालिका अमले द्वारा कराया।**

दरअसल बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश ने लोगों का जहां जनजीवन प्रभावित कर दिया है वहीं अत्याधिक वर्षा होने के कारण किसान इस सीजन की फसल की बोवनी से वंचित हो चुका है। अभी जिले में अब तक कुल 32.20 इंच औसत बारिश हो चुकी है। यह पिछले साल की तुलना में 22 इंच अधिक है। लगातार बारिश के कारण टीकमगढ़ से झांसी, छतरपुर और ललितपुर जाने वाले मार्ग बंद हो गए हैं। वहीं कुंडेश्वर में जमडार नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। इससे टीकमगढ़-महरौनी मार्ग बंद है। कुंडेश्वर स्थित नवोदय विद्यालय में पानी भर जाने से विद्यार्थियों को स्कूल के हॉल में स्थानांतरित किया गया है। साथ ही पुरानी टेहरी मोहल्ले में राजशाही काल का पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। शहर का महेंद्र सागर तालाब अपनी पूरी क्षमता 14 फीट तक भर चुका है। शिव शक्ति कॉलोनी, शिवनगर कॉलोनी और कुंवरपुर रोड की कई कॉलोनियों में जलभराव है।



हनुमान सागर तालाब से पानी बंधान से ऊपर बह रहा है। बौरी हनुमान मंदिर के पास का नाला ओवरफ्लो होने से प्राचीन मंदिर की दीवार गिर गई है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही शिव शक्ति कॉलोनी के लोगों का कहना है कि नाले पर अतिक्रमण के कारण बारिश का पानी नहीं निकल पा रहा है। जिस हालत बिगड़ गए हैं। यही हाल भटनागर कॉलोनी का है। लोगों ने बताया कि पहली बार उनके घर के अंदर पानी भर गया है। नाले पर अतिक्रमण के कारण हालात बिगड़े हैं। फिलहाल नगर पालिका और प्रशासन की टीम राहत और बचाव कार्य में दिनभर जुटी रही । भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान वर्षा मापी केंद्र टीकमगढ़ में 215 मिली मीटर बारिश हुई। जबकि बड़ागांव धसान में 90, बल्देवगढ़ में 190, खरगापुर में 186, जतारा में 110, मोहनगढ़ में 197, लिधौरा में 196 और पलेरा में 165 मिली मीटर बारिश रिकार्ड की गई।



जिले में कुल औसत बारिश का आंकड़ा 1000 मिली मीटर यानी 40 इंच है। अब तक जिले में 818 मिली मीटर औसत यानी 32.2 इंच औसत बारिश हो चुकी है।



पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश का नजारा इस समय बण्डा नहर के सात द्वारों से पानी निकलने से लोग यहां पहुंच रहे हैं। यह बण्डा नहर का काफी वर्षों से बंद पड़ी हुई थी। इस प्राचीन नहर को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की पहल पर पुनः पुराना स्वरूप दिया गया और हालात यह बने की कई वर्षों बाद इस वर्ष की बारिश में नहर के सभी गेट चालू किए गए।

### राजशाही काल के पुल की दीवार क्षतिग्रस्त आवागमन बंद

पिछले दिनों से निरंतर जारी बारिश के चलते नगर के पुरानी टेहरी मोहल्ले में स्थित राजशाही काल का पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल की दीवार शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात बारिश के कारण गिर चुकी है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने उक्त स्थान का जायजा लेते हुए पुल के दोनों ओर यानि घंटा के आगे यानि पानी की टंकी के पास से लेकर महेन्द्र सागर तालाब के पास बने मां सिद्धेश्वरी मंदिर वाला मार्ग बंद करा दिया है। यहां पुलिस प्रशासन ने दोनों ओर बेरीकेट लगाने की व्यवस्था कर दी है। जिससे लोग अब यहां से नहीं निकलेंगे। यह व्यवस्था कोई अनहोनी न हो इसलिए की गई है।

### महेन्द्र सागर तालाब हुआ लबालब, हर जगह पानी-पानी

हनुमान सागर तालाब से पानी बंधान से ऊपर बह रहा है। बौरी हनुमान मंदिर के पास का नाला ओवरफ्लो होने से प्राचीन मंदिर की दीवार गिर गई है। शहर का महेंद्र सागर तालाब अपनी क्षमता के अनुसार भर चुका है। वहीं नगर की शिव शक्ति कॉलोनी, शिवनगर कॉलोनी और कुंवरपुर रोड की कई कॉलोनियों में जलभराव देखने को मिला है । इसके साथ ही इन्द्रपुरी कॉलोनी में स्थित नाला दिनभर ओवर फ्लो चलता रहा। जिसके चलते इस कॉलोनी के लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। हालांकि इस समस्या को देखते हुए नगरीय प्रशासन विभाग का अमला दिनभर सक्रिय रहा।

## पहाड़ी बांध का जलस्तर बढ़ने से गांव बने टापू

**नवभारत न्यूज हरपालपुर। पहाड़ी बांध का जलस्तर बढ़ने से नजदीकी ग्रामीण अंचलों में बाढ़ यानि टापू जैसे हालात बनने लगे हैं। बारिश के चलते हालातों से निपटने पहले से ही नजदीकी गांव नाऊपहारिया, लहादरा, चपरन को अलर्ट मोड पर रखा गया है। शनिवार की शाम चपरन गांव के दो दर्जन लोगों को बाढ़ ग्रस्त गांव से सुरक्षित निकाला गया जिन्हें गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचाने का कार्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया गया। जहां प्रशासन ने उनके खान-पान की समुचित व्यवस्था की है।**



रविवार को धूप निकलने के कारण जलभराव में कमी आई है। जिसके चलते जलभराव कम होने से ग्रामवासियों ने राहत की सांस ली है। उल्लेखनीय होगा जिला कलेक्टर पार्थ जायसवाल के निर्देश पर प्रशासन की तैनात टीम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया था। कलेक्टर के निर्देशन में नौगांव तहसीलदार चपरन गांव में बाढ़ जैसे हालातों से निपटने लगातार नजर बनाए हुए हैं। उधर खतरे को देखते हुए पहाड़ी बांध के दस गेट खोलकर धसान नदी में हजारों क्यूसेक पानी लगातार छोड़ा जा रहा हैं। बारिश के हालातों से निपटने छतरपुर जिला प्रशासन लगातार सक्रिय बना हुआ है। अपने-अपने क्षेत्रों में जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी बारिश का अपडेट लगातार ले रहे हैं।

## स्मार्ट फिश पॉर्लर स्थापना के मांगे आवेदन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत जिले में स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना की जायेगी। इस योजना अंतर्गत प्रति स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना के लिये 5 लाख रूपये राशि का प्रावधान किया गया है। उक्त जानकारी सहायक संचालक मत्स्योद्योग मेघा गुप्ता द्वारा दी गई है।**

जिले के नगरीय निकाय व पंचायतों से योजना के अंतर्गत आवेदन पत्र आंमत्रित किये जा रहे है। जिले मे मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत जारी वित्तीय वर्ष मे जिला टीकमगढ़ के लिए 4 स्मार्ट फिश पार्लर एवं जिला निवाड़ी के लिए 2 स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना की जायेगी। जिले के पात्र, इच्छुक नगरीय निकाय, पंचायत आगामी 15 जुलाई को शाम 5 बजे तक अपने आवेदन पत्र कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग में जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन मान्य नही होगें।

मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत जिले में स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना की जायेगी। इस योजना अंतर्गत प्रति स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना के लिये 5 लाख रूपये राशि का प्रावधान किया गया है। उक्त जानकारी सहायक संचालक मत्स्योद्योग मेघा गुप्ता द्वारा दी गई है। आवेदन की कल मंगलवार को अंतिम तिथि है। विभाग के अधिकारियों ने पात्र हितग्राहियों को समय रहते इस योजना का लाभ लेने की अपील की है।

## शिविर में 103 मरीजों का नेत्र परीक्षण कर दिया उपचार

**नवभारत न्यूज, हरपालपुर। रविवार को सद्‌गुरू सेवा आश्रम जानकी कुंङचित्रकूट द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर संचालक अर्चना महेश राय की उपस्थिति में चित्रकूट से आए चिकित्सक अरविंद मिश्र की टीम ने 103 मरीजों का परीक्षण कर उनका उपचार किया। जिसमें 17 मरीजों की आंखों में मोतियाबिन्द की शिकायत मिलने पर सद्‌गुरू सेवा आश्रम जानकी कुंड़ ट्रस्ट की बस द्वारा नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट ऑपरेशन के लिए भेजा गया। शिविर में 20 मरीजों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किए गए।



इस अवसर पर विशेष सहयोगी के रुप में अजीत सिंह तोमर, विनोद वर्मा, देवेन्द्र अहिरवार, दिनेश दीक्षित सहित आदि लोगों ने मरीजों का सहयोग किया। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को सद्‌गुरू सेवा आश्रम जानकी कुंङ चित्रकूट द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन को लेकर शिविर लगाने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां पहले से ही कर ली गईं थी। जिसके चलते शिविर लगाया गया और मरीजों का परीक्षण कर उन्हें चिकित्सीय सलाह दी गई।

## कलेक्ट्रेट सभागार में होगी टीएल की बैठक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।**

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी। टीएल की बैठक में जिला पंचायत सीईओ, जिले भर के एसडीएम, तहसीलदार, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। बैठक में इस बारिश के मौसम में होने वाली कठिनाओं से निपटने सहित शासकीय योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

## मांगों को लेकर आजाद अध्यापक संघ ने दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश की ओर से शिक्षक स्वाभिमान रैली का आयोजन रविवार को किया गया। यह रैली नजरबाग प्रांगण स्थित सत्येंद्र मंच से निकाली गई। इसके बाद जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।**

संघ के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के नेतृत्व में यह रैली निकाली गई। रैली नजरबाग से प्रारंभ हुई जो कोतवाली से होते हुए सैलसागर चौराहा, मिश्रा तिराहा, ईदगाह मार्केट, अस्पताल चौराहा, चकरा तिराहा से होते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर पहुंची। जहां आजाद अध्यापक संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि ई-अटेंडेंस बंद करवाने, प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर पुरानी पेंशन योजना लागू करने, ग्रेच्युटी का लाभ देने,



पदोन्नति और लंबित क्रमोन्नति के आदेश जल्द जारी करवाने की मांग की गई है। इसके साथ ही अनुकंपा नियुक्ति के नियमों में शिथिलता लाकर आश्रित परिवार के सदस्य को नियुक्ति देने, हड़ताल अवधि का वेतन दिलवाने, गुरुजी की नियुक्ति आदि की मांगें ज्ञापन में रखी गई है।


ज्ञापन आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला संयोजक शिवम् शर्मा के नेतृत्व में दिया गया। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह बुन्देला, जगदीश रजक, आदित्य शुक्ला, गजेन्द्र सिंह तोमर, रविकांत खरे, आशीष पाण्डे, पुष्पा अहिरवार, रेखा सूत्रकार सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं के नाम शामिल रहे हें।

## डेंगू नियंत्रण के लिए घरों में जाकर हो रहा सर्वे का कार्य

**मौसम में बदलाव के चलते लिया विभाग ने निर्णय**

**विशेष प्रयास कर प्रशासन कर रहा राहत के इंतजाम**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार डेंगू निरोधक माह जुलाई में विशेष प्रयास कर समुदाय को जागरूक करना आवश्यक है, जिससे कि वर्षाकाल में आगे डेंगू के प्रकरण कम से कम करने में मदद मिलेगी। जिसके लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.आर रोशन के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों से समन्वय कर डेंगू नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही रेपिड रिस्पोन्स दल का गठन भी वैक्टर कन्ट्रोल के लिए किया गया है। डेंगू नियंत्रण के लिए लोगों के घरों में जाकर सर्वे का कार्य किया जा रहा है।**



जिला मलेरिया अधिकारी एचएम रावत द्वारा बताया गया कि शरीर पर लाल चकत्ते, तेज बुखार, आंखो और मास-पेसियों में दर्द, सिर दर्द होने की स्थिति में सीबीसी की जांच अवश्य करायें और आवश्यकता पड़ने पर ऐलाइजा जांच भी करायें जो कि जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में निःशुल्क उपलब्ध है। बुखार होने पर एस्प्रिन और डिस्प्रिन जैसे दर्द निवारक दवाओं का उपयोग न करें, आराम करें और चिकित्सक के मार्गदर्शन में दवा ले। घरों में डेंगू मच्छर पैदा होने से रोकने के लिए पानी को ढक्कर रखें और प्रति सप्ताह पानी बदलते रहें। उन्होंने बताया कि डेंगू, बुखार के प्रारम्भ के सात दिनों तक खून में प्लेट्स घटती जाती है और सामान्य दशा में आगे पुनः बढ़ने लगती है। ऐसी दशा में मरीज को खून की शीघ्र जांच कराना और दवा लेना आवश्यक है। उसे आराम करना चाहिए, शरीर में नमक और पानी की कमी नहीं हो इसका ध्यान रखना जरूरी है।

ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं को लोगों को जागरूक करने और लार्वा सर्वे करने के लिए आदेशित किया गया है। टीकमगढ़ शहर में भी लार्वा सर्वे के लिए 2 दल गठित किये गये हैं जो प्रतिदिन 50 से अधिक घरों में जाकर लार्वा सर्वे और विनष्टिकरण का कार्य कर रहे हैं। अब तक जिले में 68 नमूनों की एलाइजा जांच जिला चिकित्सालय में की गई है, जिनमें से 2 डेंगू पॉजीटिव प्रकरण दर्ज हुये हैं जो स्वस्थ हैं। लगभग 1030 घरों में लार्वा सर्वे किया गया है, जिनके 4472 कंटेनर में से 21 में डेंगू मलेरिया मच्छर के लार्वा पाये गये हैं।

**सौगात**

**मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों के खातों में की राशि अंतरित**

## 2 लाख 7 हजार 221 महिलाओं के खातों में आई राशि

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा ग्राम पंचायत नलवा जिला उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गैस सिलेंडर उज्जवला योजना के हितग्राहियों के खातों में जुलाई माह की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत एक करोड़ 27 लाख बहनों को 1,503 करोड़ 14 लाख की 26वीं किश्त उनके खातों अंतरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 56 लाख 74 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ की राशि, 30 लाख से अधिक बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफलिंग की 46 करोड़ 34 लाख की राशि भी सिंगल क्लिक से अंतरण किया गया।**



इस दौरान टीकमगढ़ जिले की 2 लाख 7 हजार 221 हितग्राही लाडली बहनों के खाते में 25 करोड 42 लाख 73 हजार रुपए की राशि आई है, जिसमें 250 रूपये प्रति हितग्राही के मान से विशेष राशि राखी के सगुन के तौर पर जिले की लाड़ली बहनों के खाते में अंतरित की गई है। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लाड़ली बहना हितग्राहियों के साथ पर्यवेक्षक शैफाली जैन एवं महिला बाल विकास अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम के अंत में लाड़ली बहना योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये।

लाड़ली बहना का लाभ पाकर लाड़ली बहनें खुश हैं तथा खुश होकर बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और हमारे भाई डॉ. मोहन यादव ने हम लाड़ली बहनों को योजना की 26वीं किश्त दी है, जिसका उपयोग हम अपने बच्चों की पढ़ाई तथा अपने खर्च में करेंगे। इसके लिये मुख्यमंत्री का हम सभी बहनें बहुत-बहुत आभार व्यक्त कर धन्यवाद देती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा ग्राम पंचायत नलवा जिला उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गैस सिलेंडर उज्जवला योजना के हितग्राहियों के खातों में जुलाई माह की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई।

### शगुन की राशि भी की भेंट

जिसमें 250 रूपये प्रति हितग्राही के मान से विशेष राशि राखी के सगुन के तौर पर जिले की लाड़ली बहनों के खाते में अंतरित की गई है। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियों के साथ पर्यवेक्षक शैफाली जैन एवं महिला बाल विकास अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई

**नवभारत न्यूज पलेरा। नगर के खरगापुर मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार 3 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल-100 की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।**

प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल हुए दो लोगों को रेफर कर दिया है। घायलों की पहचान लखन कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, लखन कुशवाहा निवासी ताल लिधोरा के रूप में की गई है। बताया गया है कि तीनों बाइक सवार खरगापुर नगर से अपने गांव के लिए लौट रहे थे। जहां पलेरा नगर में शासकीय महाविद्यालय के पास तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई और दो लोग घायल हो गए।

## प्रशासन अलर्ट पर, बारिश का आंकड़ा पार



**नवभारत न्यूज, पलेरा। नगर क्षेत्र में बारिश का क्रम बना होने के दौरान नदी नाले इस समय उफान पर हैं। शनिवार की शाम नगर के गजाधर तालाब को लेकर नगर परिषद टीम के साथ मौके पर पहुंचे तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर, सीएमओ शिवि उपाध्याय, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक ने रविवार की सुबह जेसीबी मशीन के द्वारा समूचे नगर में जल निकासी के पर्याप्त इंतजाम कराए।**

बारिश के चलते तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर, नायब तहसीलदार श्रीपत अहिरवार ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के मद्देनजर संजयनगर की उर नदी पहुंचकर प्रतिक्रिया दी। नदी के तेज बहाव में स्टंट करने का वीडियो सामने आने के बाद तहसीलदार ने पुलिस प्रशासन को मौके पर बुलाकर सख्त दिशा निर्देश दिए हैं।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों से तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर ने कहा कि बारिश के दौरान सावधानी का ख्याल रखें, जिससे कोई अनहोनी ना हो।